## 'महिलाएं स्वास्थ्य के प्रति रहे हर समय जागरूक'

**उदयपुर।** गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री अमृता राव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का आयोजन मिताली इवेंट्स के सहयोग से महिलाओं की आत्मशक्ति, स्वास्थ्य और संस्कृति पर जोर देने के लिए किया ।अमृता राव का स्वागत गीतांजली हॉस्पिटल के हेड ऑफ मार्केटिंग कल्पेश चन्द रजबार ने किया। अभिनेत्री अमृता राव ने कहा कि हर महिला को सभ्यता और संस्कृति के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने महिलाओं को आव्हान किया कि वे खुद की देखभाल को नजरअंदाज न करें।इस अवसर पर स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना वर्मा ने 25 वर्षो के अनुभव को साझा करते हुए महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता व लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन के महत्व को बताया । उन्होंने कहा कि नियमित जांच और संतुलित जीवनशैली महिलाओं को कई गंभीर बीमारियों से बचा सकती है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या चौधरी ने महिलाओं में होने वाली सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में बताया और लेप्रोस्कोपिक ऑपरेशन की जानकारी दी।

# राणा सांगा का जीवन स्वतंत्रता, साहस और बलिदान का प्रतीक : सीएम

**चित्तौगढ़ /जयपुर,** 25 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वीर-वीरांगनाओं का बलिदान हमें सिखाता है कि स्वतंत्रता और सम्मान से बढकर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि चित्तौडगढ की धरती शक्ति, भक्ति, त्याग और तपस्या की तपोभूमि है। यहां कण-कण में वीरता की गाथाएं, पत्थर-पत्थर में इतिहास और कंकर-कंकर में बलिदान की प्रचंड आग धधक रही है ।

सीएम शर्मा मंगलवार को चित्तौड़गढ़ में जौहर स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम यहां केवल श्रद्धांजलि देने नहीं आए हैं, बल्कि शौर्य और त्याग की भावना को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ दुर्ग राष्ट्रीय अस्मिता और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। यह वह पवित्र भूमि है जहां क्षित्रय वीर मर मिटने का अपना सौभाग्य मानते थे। मेवाड़ के राज्य चिन्ह में भी आदिवासी प्रतिनिधि का चित्र सामाजिक समरसता को दर्शाता है। राणा सांगा थे वीर योद्धा, मातृभूमि की रक्षा के लिए दी प्राणों की आहुति मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया मेवाड़ के वीरों से प्रेरणा लेती है लेकिन इस देश में कुछ ऐसे अराजक तत्व हैं जो अपने वीरों पर अंगुली उठाते हैं। वे भूल जाते हैं कि सूर्य को कलंकित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि राणा सांगा एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने अपनी मातृभूमि और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। राणा सांगा का जीवन स्वतंत्रता, साहस और बलिदान का प्रतीक है।

उन्होंने न केवल मेवाड़ की रक्षा की, बल्कि समस्त भारतवर्ष की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अराजक तत्वों द्वारा दिए गए बयान न केवल राणा सांगा का अपमान है, बल्कि उन सभी योद्धाओं का अपमान है, जिन्होंने सनातन धर्म और इस धरती की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे लोगों को अपनी मानसिकता के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। ऐतिहासिक वैभव को संरक्षित करने का काम कर रही राज्य सरकार शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के ऐतिहासिक वैभव को संरक्षित करने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ संग्रहालय के उन्नयन के साथ महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट को भी धरातल पर उतारा जा रहा है उन्होंने कहा कि सीतामाता अभयारण्य, ऋषभदेव, गौतमेश्वर मंदिर, मातृ कुण्डिया सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों को शामिल करते हुए 100 करोड़ रुपये व्यय कर ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जा रहा है। साथ ही, चित्तौड़गढ़ में संचालित लाईट एंड साउण्ड शो का उन्नयन, छतरंग मोरी-चित्तौड़गढ़ में रोपवे सुविधा देना, 7100 करोड़ रूपये की लागत से चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा के बांधों को भरने सम्बन्धी कार्य किए जा रहे हैं।

## सीएम शर्मा का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एक दिवसीय प्रवास पर उदयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे जहां पर भारतीय जनता पार्टी उदयपुर द्वारा भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट के वीआईपी कक्ष में शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड एवं देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली ने उनका स्वागत अभिनंदन किया। वहां पर भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी बंशीलाल खटीक वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत, निंबाहेडा विधायक चंद कृपलानी, वल्लभनगर विधायक उदय लाल डांगी, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, विधायक प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा, जिला परिषद की पूर्व नेता प्रतिपक्ष मणी बेन पटेल आदि ने स्वागत किया।

## पिम्स हॉस्पिटल में वर्षा जल संरक्षण कार्यक्रम

**उदयपुर।** पेसिफिक इंस्टियूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, उमरडा वाटर हीरो डा. पी.सी. जैन ने वर्षा जल संरक्षण पर अपना प्रजेन्टेशन देते हुये बताया कि इस कैम्पस की छतों के हिसाब से एक वर्षाकाल में 150 करोड लीटर पानी यहाँ स्थित टयूबेल में बचाया जा सकता है। इस हेतु उन्होने देवास वाटरफील्टर की तकनीक को विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि इस बचाये वर्षा जल से भूमिजल की मात्रा और गुणवत्ता दोनो बढेगी साथ ही यह पानी गर्मी में नही उडेगा। एक मीटर जलस्तर बढने से 0.4 यूनिट बिजली की खपत कम होगी। यह शुद्ध वर्षा जल यूनिवर्सिटी के लिए वरदान बन जायेगा और पानी खरीदने के लिए लाखों रूपये की बचत होगी। उन्होने कहा कि मेरा यहाँ आना तभी सार्थक होगा, जब यहाँ रूफटोप रेनवाटर हारवेस्टिंग सीस्टम लग जायेगा।उन्होंने आकाश का पानी रोकेंगे, पाताल का पानी बढायेगें और वर्षा जल को भूमि जल में मिलायेगे ' के नारे बोलते हुए सभी से वर्षा जल का बचाने का आग्रह किया। इस अवसर पर डा.पी. सी. जैन ने सीनियर डाक्टर्स, इन्टर्स को शराब से होने वाले शरीर के हर अंग पर खराब असर को अपनी पी.पी.टी. मे बताया और हर कुप्रभाव का ईलाज केसे हो सकता है इसके बारे में बताया।

## सार-समाचार

### कृषि में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया

**उदयपुर।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, कृषि विभाग, जयपुर एवं अखिल भारतीय कृषिरत महिला अनुसंधान परियोजना, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में झाडोल व फलासिया के 10 स्वयं सहायता समूह की लगभग 150 महिला सदस्यों एवं गुडली व लोयरा की 75 महिला सदस्यों ने गत एक माह में राजस्थान की पारंपरिक कला के साथ कृषि के विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे मशरूम की खेती, वर्मी कंपोस्ट, बकरी पालन व मुर्गी पालन पर पूर्णतया प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्तकिये । परियोजना प्रभारी डॉ. विशाखा बंसल ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2025 से 2027 तक झाडोल व फलासिया की 150महिलाओं को स्वयं सहायता समूह में गठित कर विभिन्न रोजगारों के प्रशिक्षण उपलब्ध करवा कर स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना व स्वयं का रोजगार स्थापित करने में सहायता करना है। योजना अंतर्गत अब तक 10 स्वयं सहायता समूहों का गठन कर उनको बैंक से जोड दिया गया है एवं सभी सदस्यों को पांच विधाओं में दो दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षणों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा चुका है । वर्ष 2026 में इन सभी सदस्यों को स्वरोजगार करने हेतु निरंतर फॉलोअप प्रशिक्षणों एवं तकनीकी मार्गदर्शन द्वारा प्रेरित किया जाएगा राजस्थान की बांधनी कला के बढते आकर्षण के कारण इस कला का प्रायोगिक प्रशिक्षण 24 और 25 मार्च को अनुसंधान निदेशालय में आयोजित किया गया । प्रशिक्षण ख्याति प्राप्त याकूब मोहम्मद मुल्तानी व अंजुम आरा, केंद्रीय सरकारसे मान्यता प्राप्त (सीसीआरटी)द्वारा प्रदान किया गया।

### पुष्पांजलि अर्पित

**उदयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सिटी पैलेस जाकर मेवाड राज परिवार के अरविंद सिंह मेवाड को पुष्पांजलि अर्पित की जिलाध्यक्ष डॉ कमलेश सुथार तथा समस्त राजस्थान के शिक्षकों की ओर से शोक संदेश परिवार के डॉ लक्ष्यराज सिंह मेवाड को श्रद्धांजलि एवं शोक संदेश सुपुर्द किया।वहीं दूसरी और पीएम श्री राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिवार की ओर से संस्था प्रधान चेतन पानेरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल द्वारा जाकर पुष्पांजलि एवं विद्यालय की ओर से शोक संदेश सुपुर्द किया ।

### डीएमएफटी की बैठक 29 को

**उदयपुर।** डिस्ट्रीक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट उदयपुर की विगत् गवर्निंग काउन्सिल्स में अनुमोदित व स्वीकृत कार्यों में बकाया भुगतान एवं अन्य एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा के लिए शनिवार 29 मार्च को शाम 5.30 बजे प्रबंध समिति की बैठक जिला कलक्टर एवं डीएमएफटी अध्यक्ष नमित मेहता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। कमेटी के सदस्य सचिव खनि अभियंता आसिफ अंसारी ने बताया कि बैठक में वर्तमान में प्रगतिरत कार्या की स्थिति एवं भुगतान से सम्बन्धित मुद्दे, प्रशासनिक स्वीकृति उपरान्त तकनीकी स्वीकृति व ग्रामसभा अनुमोदन भिजवाने, वित्तीय स्वीकृति जारी होने के उपरान्त कार्य प्रारम्भ नहीं होने, आगामी गवर्निंग काउन्सिल की मीटिंग में स्वीकृति हेतु प्रस्तावित अति आवश्यक प्रस्तावों के साथ अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया उदयपुर में

**उदयपुर।** संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया 26 मार्च को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर ने बताया कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया 26 मार्च को विमान से दोपहर 2.30 बजे महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग से सिटी पैलेस उदयपुर आएंगे। सिंधिया अपराह्न 3.45 बजे उदयपुर से रवाना होकर डबोक एयरपोर्ट आएंगे।

### नाटक 'मरणोपरांत' 27 को

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र द्वारा विश्व रंगमंच दिवस के 27 मार्च को लघु नाटक 'मरणोपरांत' का मंचन किया जाएगा। निदेशक फुरकान खान ने बताया लघु नाटक 'मरणोपरांत' का मंचन शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में किया जाएगा।

## कलक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**उदयपुर।** जिला कलक्टर नमित मेहता ने मंगलवार शाम को राजस्व अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से बैठक ली।

बैठक में जिला कलक्टर श्री मेहता ने फॉर्मर रजिस्ट्री कैम्प की प्रगति की तहसील वार समीक्षा की। कम प्रगति वाली तहसीलों के संबंध में उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदारों से स्पश्टीकरण लेते हुए आगामी 31 मार्च से पूर्व जल्द से जल्द अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ऋशभदेव, बारापाल व खेरवाड़ा तहसीलों में अच्छी प्रगति होने पर सराहना करते हुए उन्हें शत प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। जिला कलक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि में पंजीकृत किसानों के साथ ही अन्य किसानों को भी जोड़ते हुए फॉर्मर रजिस्ट्री कराने के लिए निर्देशित किया, ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल सके। बैठक में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने राजस्व से जुड़े प्रकरणों, राजस्व न्यायालय के लंबित व निस्तारण प्रकरणों, बजट घोशणाओं के क्रियान्वयन के लिए अपेक्षित भूमि आवंटन प्रस्तावों अिद की बिन्दुवार जानकारी दी। जिला कलक्टर ने संबंधित उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदारों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में गिर्वा एसडीएम सोनिका कुमारी भी उपस्थित रही। वहीं जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार वीसी के माध्यम से जुड़े।

## सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन भवन के जीर्णोद्धार का लोकार्पण

**उदयपुर।** पद्म विभूषण से सम्मानित महाराजा डॉ. कर्णसिंह आज दोपहर 2.45 बजे नई दिल्ली से उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचेगे। राजस्थान विद्यापीठ विवि के कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि डॉ. कर्णसिंह दो दिन तक उदयपुर में रहेंगे, जहॉ वे शहर के विभिन्न समारोहों में शिरकत करेंगे। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि सिंह एयरपोर्ट से सीधे डबोक विद्यापीठ परिसर में पहुंचेगे, जहॉ सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन भवन के जीर्णोद्वार का लोकार्पण करेंगे। अध्यक्षता कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर करेंगे। मंगलवार को प्रो. सारंगदेवोत ने समारोह से सम्बंधित तैयारियों का जायजा लिया ।

# बाल विवाह की रोकथाम को लेकर प्रशासन अलर्ट

**उदयपुर।** आगामी अक्षय तृतीया 30 अप्रैल तथा पीपल पूर्णिमा 12 मई पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन अलर्ट है।

जिला मजिस्ट्रेट नमित मेहता ने ग्राम व तहसील स्तर पर कमेटियां गठित करते हुए नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके अलावा अधिसूचना जारी कर जिले के सभी मुद्रकों को विवाह के निमंत्रण पत्रों पर वर-वधू की जन्मतिथि अंकित करने के लिए पाबंद किया है। बाल विवाह की सूचनाओं के त्वरित आदान प्रदान और अपेक्षित कार्यवाही के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

- 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया तथा 12 मई को पीपल पूर्णिमा हैं

जिला मजिस्ट्रेट एव कलक्टर नमित मेहता ने बताया कि अक्षय तृतीया व पीपल पूर्णिमा पर बाल विवाह होने की संभावना रहती है। बाल विवाह कानूनन अपराध होने के साथ ही एक सामाजिक बुराई भी है। कम आयु में विवाह होने से वर-वधू दोनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

अतः बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। जिले में बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए जिले के प्रत्येक उपखण्ड क्षेत्र में संबंधित उपखण्ड अधिकारी, वृत्ताधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी को शामिल करते हुए सतर्कता दल गठित किए गए हैं।इसके अलावा जिला मजिस्ट्रेट मेहता ने हर 9-10 ग्राम पंचायतों पर एक नियंत्रण अधिकारी भी नियुक्त किया है।

ये अधिकारी संबंधित उपखण्ड अधिकारियों से समन्वय रखते हुए क्षेत्र में बाल विवाह की रोकथाम के लिए वांछित कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने बाल विवाह की रोकथाम को लेकर सूचनाओं के त्वरित आदान प्रदान के लिए जिला स्तर पर कलक्ट्रेट कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

नियंत्रण कक्ष 26 मार्च से प्रारंभ होकर 15 मई तक 24 घंटे क्रियाशील रहेगा। नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 0294-2414620 है। इसके अलावा उपखण्ड मजिस्ट्रेट कार्यालय तथा पुलिस अधिकारी कार्यालयों व थानों में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जा रहे हैं।

## टावर लगाने के नाम पर ठगी

**उदयपुर।** ग्रामीण क्षैत्रो में सक्रिय गिरोह टावर लगाने का झांसा देकर किसानों से नकदी की ठगी कर रहे है। इस मामले में झाड़ोल थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेतों में टावर लगाने पर लाखों रूपये की आमदनी दिलाने का झांसा देकर ग्रामीणों व किसानों के साथ ठगी करने वाली गैंग के सक्रिय बदमाशों ने झाड़ोल क्षैत्र में वारदात को अंजाम दिया। जहां 11 मार्च को पीडित भेरूलाल पुत्र धर्मा सांगीया निवासी कोचला झाड़ोल के घर आए आरोपी जगदीश पुत्र श्रीलाल यादव निवासी आमोर कला बामेर जिला मुरैना एमपी बताया तथा उसने स्वयं को वीआई इण्डिया टावर कंपनी का अधिकारी बताते हुए खेत में कंपनी का टावर लगाने पर लाखों रूपये का जमीन का मुआवजा, मासिक किराया तथा देखरेख करने के लिए पीडित के परिवार के सदस्य को नौकरी रख कर वेतन दिलाने जैसे आश्वासन दिए। इस दौरान सहमती बनने पर आरोपी ने मिलने वाले लाभ का एक प्रतिशत कमीशन के तौर पर लेने की बात कही।

## सुरक्षा बढ़ाने के लिए एआई सोल्यूशन लागू

**उदयपुर।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपने परिचालन में डिटेक्ट एआई, एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संचालित कैमरा निगरानी प्रणाली लागू की है। यह अभिनव समाधान कार्यस्थल सुरक्षा, परिचालन दक्षता और अनुपालन निगरानी सुनिश्चित करता है। एडवांस्ड एआई संचालित प्रणाली का लाभ उठा मैनुअल हस्तक्षेप को समाप्त कर हिन्दुस्तान जिंक़ कार्यस्थल सुरक्षा और परिचालन दक्षता को बढ़ा रहा है।

यह अत्याधुनिक कंप्यूटर विजन और मशीन लर्निंग-आधारित सुरक्षा निगरानी प्रणाली मौजूदा आईओटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स सक्षम निगरानी बुनियादी ढांचे के साथ सहजता से एकीकृत होती है, जिससे मैनुअल हस्तक्षेप की आवश्यकता कम हो जाती है। वास्तविक समय की छवि और वीडियो विश्लेषण, डीप लर्निंग मॉडल और एज कंप्यूटिंग का उपयोग करते हुए, यह स्वायत्त रूप से असुरक्षित औद्योगिक संचालन जैसे कि सुरक्षात्मक उपकरण दिशानिर्देशों का पालन न करना, अनधिकृत कर्मियों की पहुँच और ऊँचाई पर काम करने के प्रोटोकॉल का पता लगाता है। सिस्टम इन गैर-अनुपालनों को पूर्वानुमानित विश्लेषण का उपयोग करके वर्गीकृत करता है और क्लाउड-आधारित एआई अनुमान इंजन के माध्यम से स्वचालित अलर्ट ट्रिगर करता है जिससे व्यापक डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि उत्पन्न होती है। सहज एपीआई एकीकरण, वास्तविक समय केपीआई ट्रैकिंग और बुद्धिमान स्वचालन के साथ, डिटेक्ट एआई घटनाओं को कम कर, अनुपालन को बढ़ाकर और सक्रिय जोखिम शमन को सक्षम करके औद्योगिक सुरक्षा को बदल देता है। हिन्दुस्तान जिंक़ ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), कंप्यूटर विजन, ड्रोन तकनीक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और ऑगमेंटेड रियलिटी/वर्चुअल रियलिटी (एआर/वीआर) जैसी तकनीकों का लाभ उठाकर उच्च-संभावित अवसरों को अनलॉक किया है।

## फिरौती मांगने का मामला झूठा निकला

**उदयपुर।** अपहरण कर लाखों की फिरौती मांगने का प्रकरण दर्ज होने पर किए गए अनुसंधान में मामला झूठा निकला। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित रजा कॉलोनी मल्लातलाई अम्बामाता हॉल माउण्ट व्यू रिट्रीट के पास बडी रोड़ निवासी मोहम्द फारूख पुत्र सिराज अहमद ने कार में सवार सावा निवासी हातिम पुत्र जावेद व उसके साथियों के खिलाफ पिस्टल व तलवार दिखा पुत्र अहमद का अपहरण 20लाख रूपये फिरौती मांगने का प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 23 मार्च को मेरा पुत्र अहमद घर से बाहर निकला था। इसी दौरान आई कार में सवार युवक मेरे पुत्र को ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर अनुसंधान अधिकारी प्रकाशनाथ द्वारा किए गए अनुसंधान में मामला पूरा झूठा निकला। पूछताछ में पता चला कि पीडित का पुत्र अहमद परिचित के साथ जाने की जानकारी दी तथा ज्यादा देर होने पर घर नहीं लौटने पर शंका के आधार पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया था।




## सुपरफास्ट एक्सप्रेस अब प्रतिदिन चलेगी

**उदयपुर।** ट्रेन संख्या 22901 बांद्रा टर्मिनस उदयपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस जो वर्तमान में सप्ताह में 3 दिन वाया चित्तौडगड संचालित है इसका मार्ग अब जल्द ही परिवर्तित कर वाया अहमदाबाद, उदयपुर, मावली तथा चित्तौडगढ होगा तथा यह ट्रेन प्रतिदिन संचालित की जाएगी। सांसद मन्नालाल रावत द्वारा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखे पत्र के बाद रेल मंत्री ने इस संबंध में निदेशालय को निर्देश जारी कर दिए हैं। रेल मंत्री ने अपने प्रत्युत्तर में बताया कि सांसद रावत द्वारा की गई अन्य मांगों के मामले में भी विस्तृत जांच के लिए संबंधित निदेशालय को निर्देश दिया गया है। उदयपुर (दक्षिण राजस्थान) से गुजरात एवं महाराष्ट्र राज्य के लिए सीधी रेल परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने पिछले दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा था।

### भूल सुधार

राष्ट्रदूत उदयपुर संस्करण के 25 मार्च 2025 के अंक में पृष्ठ संख्या 4 पर प्रकाशित कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर के नोटिस में आजदिनांक 34.3.2025 भूलवश छप गया उसकी जगह 24.3.2025 पढ़ा जावें।

वि.प्र.

# राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव शुरू

**उदयपुर।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक महोत्सव के तहत विविध आयोजनों का भव्य आगाज मंगलवार को बाड़मेर से हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित हुआ।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से धनराशि का नकद भुगतान किया तथा विभिन्न जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी महिलाओं से संवाद करते हुए योजनाओं के बारे में उनका अनुभव जाना। कार्यक्रम का प्रसारण एवं जिला स्तरीय महिला सम्मेलन नगर निगम के सुखाड़िया रंगमंच में आयोजित हुआ। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत नकद लाभ डीबीटी के माध्यम से सीधे अपने खातों में प्राप्त करने पर उपस्थित मातृशक्ति के चेहरे खिले नजर आए।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सामुदायिक विकास निधि के तहत 700 स्वयं सहायता समूहों को प्रति समूह 75 हजार रुपये की दर से कुल 5.25 करोड़ रुपये की आजीविका संवर्धन वित्तीय सहायता प्रदान की गई। लाड़ो प्रोत्साहन योजना के तहत 10 लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए। इसके अलावा, अति कुपोशित बच्चों के लिए टेक होम राशन में वृद्धि करते हुए 10 लाभार्थियों को पोशण किट व अमृत आहार वितरित किया गया। ऊर्जा विभाग (आरआरईसी) द्वारा 10 महिलाओं को इंडक्शन कुकर टॉप वितरित किए गए, जिससे स्वच्छ और सुविधाजनक खाना पकाने को बढ़ावा मिलेगा। कालीबाई भील योजना के अंतर्गत 10 लाभार्थियों को स्कूटी वितरित की गई, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने गर्गी पुरस्कार योजना, बालिका प्रोत्साहन योजना और मुख्यमंत्री हमारी बेटी योजना के तहत लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि प्रदान की।

- सुखाड़िया रंगमंच पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

इस अवसर पर जिला कलेक्टर नमित मेहता, एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़, एडीएम सिटी वार सिंह, एसडीएम गिर्वा सोनिका कुमारी, समाजसेवी गजपाल सिंह, उपनिदेशक महिला अधिकारिता संजय जोशी, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, एन. एल.मेघवाल, राजीविका परियोजना प्रबंधक ख्यालीलाल खटीक सहित विभागीय अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की सखियां एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रही। यह कार्यक्रम राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो राजस्थान के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा

राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत बुधवार 26 मार्च को 'किसान सम्मेलन एवं एफ.पी.ओ. कार्यक्रम' के मुख्य समारोह का आयोजन बीकानेर में तथा 27 मार्च को 'गरीब एवं अन्त्योदय' का मुख्य कार्यक्रम भरतपुर में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 28 मार्च को 'सुशासन समारोह' का आयोजन भीलवाड़ा में एवं 29 मार्च को 'युवा एवं रोजगार उत्सव' का आयोजन कोटा में होगा। राज्य स्तरीय 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' 30 मार्च (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) को एवं राज्य स्तरीय 'निवेश उत्सव' 31 मार्च को जयपुर में आयोजित किया जाएगा।